प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

ओडिशा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा आज धर्मनगरी पुरी में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी इस वार्षिक उत्सव में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि देश और विदेश के अनगिनत श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार तीनों रूपों को देखने की बडी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने भगवान जगन्नाथ से सभी की प्रसन्नता, शांति और संपन्नता की कामना की। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में भगवान जगन्नाथ की पवित्र यात्रा से लोगों के जीवन में प्रसन्नता और आध्यात्मिक जागरूकता की कामना की। प्रधानमंत्री ने भी भगवान जगन्नाथ के प्रति सम्मान व्यक्त किया और कामना की कि उनकी कृपा देश पर हमेशा बनी रहे। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर आज जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन हो रहा है। जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि गर्भ मंदिर के पश्चिम द्वार से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में विग्रह को चांदी के रथ पर विराजमान कर मंदिर की परिक्रमा करवाई जाएगी। बीकानेर में भी यात्रा का आयोजन हो रहा है। ये यात्रा जेल रोड स्थित जगन्नाथ मन्दिर से शुरू होगी। बूंदी के केशोरायपाटन में केशव मंदिर को सजाया गया है जहां दोपहर बाद रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही बूंदी के रंगनाथ मंदिर, जगदीश मंदिर, गोपाल मंदिर और चारभुजा मंदिर में भी रथ यात्रा के आयोजन हों रहे हैं।

00000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज बाबा रामसापीर की समाधि के दर्शन करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दूज पर समाधि के दर्शन करने का विशेष महत्व है। आज अल सवेरे तीन बजे ही समाधि स्थल के पट खोल दिए गए। बाबा का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। सुरक्षा को लेकर समाधि समिति की तरफ से परिसर में बेरिकेडिंग की गई है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला ने आज कोटा के अनंतपुरा में लव कुश वाटिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर और कोटा विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर देशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है।

00000

पुरूष क्रिकेट में भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी20 मैच आज शाम साढे चार बजे से हरारे में खेला जाएगा। आकाशवाणी से मैच का आखों देखा हाल चार बजे से एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम जिम्बाब्वे ने कल पहले मैच में भारत को 13 रन से हराया। जिम्बाब्वे ने नौ विकेट पर 115 रन बनाये। जवाब में भारतीय टीम 102 रन ही बना सकी। पिछले आठ वर्ष में, टी20 क्रिकेट में यह भारत का सबसे कम स्कोर था। उधर महिला क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज शाम चेन्नई में खेला जायेगा। तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में दक्षिण अफीका ने भारत पर 12 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जायेगा।

00000

कुश्ती की खिलाड़ी विनेश फोगाट ने स्पेन ग्रा प्री में, महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल में, उन्होंने रूस की मारिया तिउमेरेकोवा को 10–5 से हराया। स्पेन की इस प्रतियोगिता के बाद, विनेश को पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 20 दिन के प्रशिक्षण के लिए फ्रांस जाना है।

00000

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। राजधानी जयपुर सहित चुरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, दौसा, करोली और डूंगरपुर जिलों में कहीं–कहीं पर भारी और अतिभारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में सबसे ज्यादा में 141 मिलीमीटर बारिश चुरु के तारानगर में और पूर्वी राजस्थान में करौली के सुरोत में 137 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, जयपुर अलवर, भरतपुर और दौसा जिलों में कहीं–कहीं बादल गरजने और तेज हवाएं चलने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है।